## अनमोल वचन

"जीवन एक उतार चढ़ाव का खेल है, इन्हे स्वयं पर हावी न होने दे ना तो चढ़ाव हमेशा है और न ही उतार।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश






वर्ष : 13 अंक : 182 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

वीरवार 21 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### ऑपरेशन सिंदूर भारत के मजबूत, आत्मविश्वासी और सक्षम राष्ट्र का प्रमाण: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के एक मजबूत, आत्मविश्वासी और सक्षम राष्ट्र में परिवर्तन का प्रमाण बताया है। दक्षिण कोरिया में प्रवासी भारतीयों से बातचीत में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी नो फर्स्ट यूज नीति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह किसी भी प्रकार की परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री सिंह ने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात अगले एक से दो वर्ष में 50 हजार करोड़ रूपये तक पहुंचने के लिए तैयार है, जबकि रक्षा उत्पादन अगले कुछ महीनों में पौने दो लाख करोड़ रूपये तक पहुंचने का अनुमान है। श्री सिंह ने कहा कि भारत अब एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो दुनिया को समाधान प्रदान करता है।

रक्षा मंत्री ने सियोल में भारत-दक्षिण कोरिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता भी की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि वाणिज्यिक क्षेत्र में भारत-कोरिया औद्योगिक सहयोग की सफलता दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक भरोसेमंद साझेदारी की अपार संभावनाओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इस सफल मॉडल को रक्षा क्षेत्र में भी विस्तारित किया जाए, जहां प्रौद्योगिकी, नवाचार, विनिर्माण क्षमता और रणनीतिक विश्वास तेजी से परस्पर जुड़ते जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि दोनों देश भविष्य के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों और रक्षा प्रणालियों का संयुक्त रूप से विकास और उत्पादन कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत-कोरिया रक्षा नवाचार और प्रौद्योगिकी साझेदारी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत देते हैं। इन समझौतों से दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने और प्रौद्योगिकी सहयोग तथा क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ की प्रतिनिधिमंडल-स्तर की वार्ता

इटली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इटली यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों को बड़ी मजबूती मिली है। भारत और इटली ने अलग-अलग क्षेत्रों में 15 अहम नतीजों को अंतिम रूप दिया है। इन समझौतों पर आज रोम में प्रधानमंत्री मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गए। इन नतीजों से दोनों देशों के रिश्तों का स्तर बढ़कर 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' तक पहुँच गया है।

दोनों देशों ने कृषि, अहम खनिजों, आयुर्वेद, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी, समुद्री परिवहन और बंदरगाहों के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारतीय नर्सों के इटली आने-जाने को आसान बनाने के लिए भी एक समझौता किया गया, जिससे कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नए अवसर खुलेंगे। एक और अहम समझौता लोथल में 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर' के विकास पर केंद्रित है, जो सांस्कृतिक और समुद्री विरासत के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को दिखाता है। भारत और इटली ने टैक्स से जुड़े अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के लिए पैसे जुटाने के खिलाफ तालमेल को मजबूत करने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के बाद, संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि



'भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029' दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए एक व्यावहारिक और भविष्योन्मुखी रोडमैप देगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष 'भारत-इटली इनोवेशन सेंटर' बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने यह भी बताया कि 'भारत-इटली रक्षा औद्योगिक रोडमैप' ने रक्षा क्षेत्र में मिलकर विकास करने और मिलकर उत्पादन करने के नए रास्ते खोल दिए हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और इटली, समुद्री ताकतों के तौर पर शिपिंग, बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकोनॉमी के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करेंगे। वैश्विक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश यूक्रेन, पश्चिम एशिया और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। श्री मोदी ने इस बात को दोहराया कि बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि भारत और इटली इस मामले में एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने आतंकवाद के लिए पैसे जुटाने वाले नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

आर्थिक सहयोग पर बल देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने डिजाइन और बारीकी के लिए जाना जाता है, जबकि भारत को बड़े पैमाने, प्रतिभा और किफायती नवाचार के एक केंद्र के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश "भारत और इटली में डिजाइन तथा विकास और इन्हें दुनिया के लिए उपलब्ध कराने" के सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे।

इटली की पीएम जोर्जिया मेलोनी ने कहा कि 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' भारत और इटली के रिश्तों की बढ़ती गहराई को दिखाती है, जो आपसी भरोसे और साझा मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र' में नौवहन की आजादी सुनिश्चित करने और अहम क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया। श्री मोदी की इस यात्रा के परिणामों से आर्थिक जुड़ाव, नवाचार साझेदारी और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान को और बढ़ावा मिलने की आशा है, साथ ही वैश्विक शांति, सतत विकास और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग भी मजबूत होगा।

# आधिकारिक कार्य और जन भागीदारी में इस्तेमाल के जरिए उन्नत हो रही हिंदी भाषा: केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह



नई दिल्ली (एजेंसी)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भाषा का विकास तब और तेजी से होता है जब वह रोजगार और व्यावसायिक अवसरों से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि हिंदी थोपी नहीं जा रही है बल्कि आधिकारिक कार्य, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जन भागीदारी में इस्तेमाल के जरिए उन्नत हो रही है।

नई दिल्ली में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि जब एक भाषा आजीविका के साथ जुड़ती है तो इसकी स्वीकृति स्वभाविक रूप से बढ़ती है। उन्होंने कहा कि रोजगार विशेषकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में बढ़ती मांग के कारण गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों सहित युवाओं में हिंदी सीखने की रूचि बढ़ रही है। डॉ. सिंह ने विशाल दर्शकों तक पहुंचने के लिए डिजिटल मंचो पर वैज्ञानिक और तकनीकी सामग्री सरल हिंदी में उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में दी जाने वाली शिक्षा से समझ में सुधार होता है। वहीं, वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी शब्द अंतरराष्ट्रीय प्रयोग में बने रह सकते हैं। डॉ सिंह ने कहा कि दबाव के बजाय हिंदी का प्रोत्साहन स्वैच्छिक स्वीकृति पर आधारित होना चाहिए। इस बैठक में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशासन और डिजिटल संचार में हिंदी के इस्तेमाल को बढ़ाने के उपाय पर भी चर्चा की गई।

# संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम फ्रेम्स राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई

नई दिल्ली । संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम फ्रेम्स राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 7 मई से बढ़ाकर 31 मई कर दी है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राष्ट्र की साझा विरासत को पुनर्जीवित करना और उन आदर्शों के साथ एक नया जुड़ाव स्थापित करना है।

यह प्रतियोगिता फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और नागरिकों को समकालीन प्रारूपों के माध्यम से वंदे मातरम की भावना को नए सिरे से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जा रही है जिनमें- रील्स, एआई-आधारित फिल्में और लघु फिल्में शामिल हैं। विभिन्न श्रेणियों में 50 लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे।

# भारत के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र मेला भारत टेक्स के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र मेला भारत टेक्स 2026 का आयोजन इस वर्ष 14 से 17 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने आज आगामी वस्त्र प्रदर्शनी के अनुरूप भारत टेक्स मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सुश्री राव ने कहा कि मोबाइल ऐप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित खोज के जरिए प्रासंगिक उत्पादों, आपूर्तिकर्ताओं और स्टॉल के स्थानों को तलाशने में विक्रेताओं और प्रदर्शकों के लिए मददगार होगा। उन्होंने कहा कि यह ऐप भारत के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र मेले में प्रदर्शकों, विक्रेताओं, प्रतिनिधियों और साझेदारों के लिए एक एकीकृत डिजिटल सहयोगी है।

सचिव ने कहा कि भारत टेक्स मेले के दौरान इस ऐप की डिजाइन विक्रेताओं की रूचि की पहचान करने और प्रासंगिक आपूर्तिकर्ताओं को उनका स्वतरू संपर्क स्थापित करने, बेहतर नेटवर्क और व्यापारिक संपर्क बनाने के लिए की गई है। प्रदर्शनी को लेकर सुश्री राव ने कहा कि इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित भारत की बढ़ती वस्त्र शक्ति, सतत प्रयास, पुनर्चक्रण क्षमता और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रयोग को प्रमुखता दी जाएगी।

इस प्रदर्शनी के लिए 72 से अधिक देश पहले पंजीकरण करवा चुके हैं। प्रदर्शनी प्रौद्योगिकी के दौरान विनिर्माताओं के लिए एक समर्पित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र स्थापित किया जाएगा।

# इंदौर में बुधवार को ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक शुरू



मध्य प्रदेश(ब्यूरो)। मध्य प्रदेश के इंदौर में आज से ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। भारत इस बैठक की अध्यक्षता कर रहा है। बैठक का विषय है 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण'। इसका आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री निखिल खडसे ने पहले सत्र का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित किया। मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और विभाग सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने भी इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए।

# विश्व स्वस्थ्य संगठन ने कहा, कांगो और यूगांडा में इबोला वायरस के प्रसार का जोखिम क्षेत्रीय स्तर पर अधिक

विश्व स्वस्थ्य संगठन(एजेंसी)। विश्व स्वस्थ्य संगठन ने आज कहा कि कांगो और यूगांडा में इबोला वायरस के प्रसार का जोखिम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर बहुत अधिक लेकिन वैश्विक स्तर पर कम है। संगठन ने इबोला वायरस के प्रसार को अंतरराष्ट्रीय चिंताओं का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। इसे नियंत्रित करने के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि कांगो के उत्तरी प्रांतों इतुरी और उत्तर किवू में अब तक 51 मामलों और यूगांडा में 2 मामलों की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध मामलों और मृत्यु की संख्या लगभग 600 है।

कांगो में संगठन की टीम के प्रमुख के पहुंचने के कारण जोखिम मूल्यांकन में कहा गया है कि इस वायरस का प्रसार और दो महीने तक रह सकता है। इस वायरस के कारण 134 संदिग्ध मृत्यु हो चुकी है। इस वायरस को नियंत्रित करने के लिए सहायता प्रयास बढा दिए गए है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के प्रसिद्ध चित्रकार जियाम्पोलो टोमासेट्टी से मुलाकात की



इटली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के प्रसिद्ध चित्रकार जियाम्पोलो टोमासेट्टी की भारतीय संस्कृति पर किए गए कार्यों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा है कि कलाकार ने इटली के रोम दौरे के दौरान वाराणसी पर बनी अपनी विशेष पेंटिंग प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री टोमासेट्टी का भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम चार दशकों से अधिक पुराना है। उन्होंने बताया कि चित्रकार ने 1980 के दशक में वैदिक संस्कृति पर पुस्तकों में की गई पेंटिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2008 से 2013 के बीच, श्री टोमासेट्टी ने महाभारत पर आधारित 23 विशाल चित्रों पर काम किया।

एक अन्य पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नृत्य शैलियों के प्रति पांच इतालवी कलाकारों के प्रेम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय नृत्य शैलियों को वैश्विक स्तर पर रूचि प्राप्त करते देखना अद्भुत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत इटली में बहुत लोकप्रिय हो रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कल शाम रोम में सामुदायिक स्वागत समारोह के दौरान, इटली के पांच कलाकारों ने हम्सध्वनि प्रस्तुत की।

# साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स चार दिन की भारत यात्रा पर मुंबई पहुंचे



मुंबई (एजेंसी)। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स चार दिन की भारत यात्रा पर मुंबई पहुंचे। मुंबई हवाई अड्डे पर महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराने और घनिष्ठ संबंध हैं। ये संबंध साझा मूल्यों और मजबूत जन-संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा भारत-साइप्रस साझेदारी की बढ़ती गति का परिचायक है।

# कल्याण ने किया बाढ़ बचाव कार्यो का मुआयना

## समय पर काम पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश



जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरों)। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज कुंडा कलां गांव में यमुना का दौरा कर बाढ़ बचाव कार्यों का मुआयना किया। इस गांव में यमुना में 1.73 करोड़ की लागत से 1250 फुट लंबे पांच स्टोन स्टड बनाए जा रहे हैं। श्री कल्याण ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कराएं। कहीं थोड़ी बहुत कमी नजर आए तो उसे भी दूर किया जाए। स्थानीय लोगों का यदि कोई सुझाव आता है तो उस पर भी गौर करें।

सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता (एसई) ने इस मौके पर बताया कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए निर्णय अनुसार जिला में अकेले सिंचाई विभाग द्वारा शेरगढ़ टापू से सदरपुर तक यमुना क्षेत्र में दस स्थानों पर काम जारी है। इंद्री विधानसभा क्षेत्र में 8.95 करोड़ और घरौंडा में 15.25 करोड़ से बाढ़ बचाव कार्य कराए जा रहे हैं। कुंडा कलां में 1.73 करोड़ की लागत से 5 नए स्टोन स्टड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। 250 फुट क्षेत्र में पुनरुद्धार (रेवेटमेंट)का कार्य जारी है। पत्थर की आपूर्ति दादरी से हो रही है। निर्धारित समय के अंदर काम पूरा कर लिया जाएगा।

श्री कल्याण ने कहा कि बारिश के मौसम में हर साल यमुना में पानी के तेज बहाव के कारण अलग-अलग स्थानों पर भूमि कटाव हो जाता है। कई बार बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत और सजग रहने की जरूरत है। सरकार इस बात के लिए गंभीर है कि यमुना में बाढ़ के लिए फसलों व जान-माल का नुकसान न हो। जरूरत अनुसार न केवल नए स्टड्स बनाए जा रहे हैं बल्कि पुरानों की मरम्मत भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यमुना के साथ लगते गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए स्टड लगाने, नालों की सफाई आदि पर जिला में 35 करोड़ के कार्य जारी हैं। घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा 6 स्थानों पर 25 करोड़ के कार्य जारी हैं। उन्होंने कुंडा कलां में मौके का मुआयना भी किया। उन्होंने बाढ़ बचाव के लिए चल रहे कार्यों पर संतोष जताया और कहा कि अधिकांश कार्यो को मई अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। पांच-सात प्रतिशत यदि काम बचा भी तो उसे 15 जून तक संपन्न कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिलकर व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाना है ताकि जनहित में सरकार का पैसा ठीक तरह से लगे और लोगों को अधिकाधिक सुविधाएं हासिल हो सकें।

# जल संचय जनभागीदारी 3.0 अभियान 1 जून से शुरू होगा अभियान, सभी संबंधित विभाग करें एक्शन प्लान तैयार: डॉ. आनंद कुमार शर्मा




जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जल संचय जनभागीदारी 3.0 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 1 जून से जल संचय जनभागीदारी 3.0 अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन से जिले के भू-जल स्तर में सुधार लाया जा सकेगा। इस अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित विभाग एक्शन प्लान तैयार करें ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जल संचय जनभागीदारी 3.0 की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सीईओ जिला परिषद और सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि हर गांव और पंचायत स्तर पर जल संरक्षण ढांचे बनाए जाएं और उनकी प्रगति को तुरंत पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी को निर्देश दिए कि सेक्टरों में उचित स्थान चिह्नित कर वहां जल संरक्षण संरचनाएं विकसित करें।

बैठक में उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यालय और जहां भी विकास कार्य चल रहे हैं, वहां भी जल संरक्षण ढांचे बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में वर्षा जल संचयन और संरक्षण के ढांचे तैयार किए जाएं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वन विभाग के क्षेत्र व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स के तहत निर्माणाधीन क्षेत्रों में जल संरक्षण ढांचे अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को सभी सरकारी कार्यालयों के परिसर में जल संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी शैलेंद्र सोहम, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीडीपीओ कंचनलता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बीडीपीओ मौजूद रहे।

# अमृतसर और फिरोजपुर में चलाया अभियान, 14 किलोग्राम हेरोइन सहित अन्य नशीली दवाएं बरामद

जीत समाचार अमृतसर/फिरोजपुर। पंजाब पुलिस ने बुधवार को अमृतसर और फिरोजपुर में तीन अलग-अलग अभियानों में 14 किलोग्राम हेरोइन, 12 किलोग्राम आइस और अन्य प्रकार की नशीली दवाओं के साथ-साथ एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की है।

पुलिस ने दुबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह अबू धाबी से भी पंजाब और दिल्ली के सीमावर्ती राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था।

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने इस अभियान में दो नशीले पदार्थों के तस्करों को 10 किलोग्राम आइस और 4 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

# हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा के नाम पर रखा जाना चाहिए: भगवंत सिंह मान

हलवारा(ब्यूरों)।

हलवारा एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत पंजाब के लिए आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी और प्रगति के एक नए युग की शुरुआत है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दावा किया कि यह लंबे समय से लंबित प्रोजेक्ट, जो पंजाब सरकार के पक्के प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धता के कारण पूरा हुआ है, पूरे क्षेत्र में व्यापार, उद्योग, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ उड़ानों के शुरू होने के बाद पहली बार एयरपोर्ट टर्मिनल का दौरा करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लोगों से बातचीत की और कहा कि इस एयरपोर्ट का शुरू होना पंजाब सरकार की बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और राज्य में विश्व स्तरीय सुविधाएं लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह बताते हुए कि पंजाब सरकार एयरपोर्ट के विकास पर लगभग 54.67 करोड़ रूपये खर्च करेगी, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हलवारा से नियमित उड़ानों की शुरुआत से न केवल पंजाब के लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी, बल्कि राज्य में औद्योगिक निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नए रास्ते भी खुलेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों और महान संतों की विरासत का सम्मान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहाली एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर और आदमपुर एयरपोर्ट का नाम श्री गुरू रविदास महाराज जी के नाम पर रखने के अथक प्रयासों के बाद, अब हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मामले को केंद्र सरकार के सामने उठाएंगे।


एयरपोर्ट के दौरे के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ष्यह एयरपोर्ट अब पंजाब सरकार के प्रयासों के कारण शुरू हो गया है। इस कदम के पीछे एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के लोगों को सुरक्षित, किफायती और आरामदायक हवाई यात्रा की सुविधा मिले।ष उन्होंने आगे कहा, "यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों के उद्यमियों, व्यापारियों और उद्योगपतियों को पंजाब आने-जाने में मदद करेगा, जिससे व्यापार, कारोबार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।"

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# महंगाई का महा-विस्फोट!

मोदी सरकार ने आखिरकार देश में महंगाई की आग भड़का ही दी। मोदी सहित भाजपा के मुख्यमंत्रियों को अभी दो दिन पहले ही अचानक फिजूलखर्ची रोकने की हिचकियां आने लगीं और शुक्रवार को उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का बम फोड़ दिया। पेट्रोल और डीजल के दामों में प्रति लीटर तीन रूपए की वृद्धि की गई है। मुंबई में अब पेट्रोल की कीमत बढ़कर 106 रूपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि एक लीटर डीजल के लिए मुंबई करों को 93.14 रूपए चुकाने होंगे। सोने-चांदी से लेकर दूध तक कई चीजों के दाम पहले ही बढ़ चुके थे। उसमें सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ाकर आग में घी डालने का काम किया है। पांच राज्यों के चुनाव होने तक सरकार इस मामले में मुंह में दही जमाए बैठी थी। खाड़ी युद्ध के कारण भारत की ईंधन आपूर्ति पर मोदी ने कैसे आंच नहीं आने दी, जनता को कैसे ईंधन संकट और मूल्य वृद्धि से बचाए रखा, भाजपा के लोग और उनके पिछलग्गू तब ऐसी लफ्फाजी कर रहे थे। लेकिन जैसे ही वे चुनाव खत्म हुए, वहां भाजपा का चुनावी जश्न थमा, सैकड़ों गाड़ियों के रोड-शो और उन पर लाखों रूपयों के ईंधन की बर्बादी पूरी हुई, वैसे ही अचानक प्रधानमंत्री मोदी को किफायत बरतने और 'विदेशी मुद्रा बचाने' की जोरदार याद आ गई। उन्हें देश पर मंडरा रहे ईंधन संकट और सोने की खरीद के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे असर का अहसास हो गया। रूपए की भारी गिरावट का भान हुआ। इसके बाद उन्होंने जनता से किफायत बरतने की अपील की। जब विपक्ष ने इस बात पर उनकी आलोचना की, तो तिलमिलाए भाजपाइयों ने विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। तो फिर अब सरकार द्वारा की गई इस ईंधन मूल्य वृद्धि पर उनका क्या कहना है? ईंधन के दाम बढ़ाकर और सोने के आयात पर सीमा शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में बढ़ोतरी करके सरकार ने खुद ही विपक्ष के इन आरोपों को सच साबित कर दिया है। खाड़ी में युद्ध शुरू हुए अब करीब तीन महीने होने को हैं। इसका अलग-अलग देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ा है। लेकिन केवल मोदी की वजह से भारत कैसे इस संकट से दूर रहा, इसके ढोल पीटे जा रहे थे। अब इन ढोलों को खुद सरकार को ही फोड़ना पड़ा है। मोदी द्वारा किफायत बरतने की अपील के महज तीन दिन बाद ही सरकार ने जनता को महंगाई की भट्ठी में झोंक दिया। सोने-चांदी की कीमतें तो पहले ही आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। दूध दो रूपए महंगा हो गया है। अब पेट्रोल-डीजल महंगा होने से सब्जियों और फलों से लेकर सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे। इसके अलावा, पेट्रोल-डीजल की यह मूल्य वृद्धि यहीं रूक जाएगी, ऐसी भी संभावना कहां है? अगर खाड़ी में युद्ध की स्थिति नहीं सुधरी तो इन कीमतों का और बढ़ना तय है। भले ही अंधभक्त मोदी को 'विश्वगुरू' वगैरह कह रहे हों, लेकिन खाड़ी का युद्ध, उससे उत्पन्न वैश्विक स्थिति और भारत पर उसका प्रभाव रोकना अब मोदी के बस की बात नहीं रही, यह साफ हो चुका है। देश इस समय गंभीर आर्थिक और ईंधन संकट के मुहाने पर खड़ा है। सरकार ने जनता को महंगाई के ज्वालामुखी के मुहाने पर ला खड़ा किया है। पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि का सरकार द्वारा 'दबाकर रखा गया सच' आखिरकार सरेआम आ ही गया। जनता ने मोदी को लगातार तीन बार देश की सत्ता सौंपी। पांच में से तीन राज्य उनकी झोली में डाल दिए। बदले में मोदी ने जनता को महंगाई का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया है!

-कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।

9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# अतिरिक्त उपायुक्त पूनम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई लंबित शिकायतें मौके पर ही सुलझाई गई

## पंजाब राज्य व्यापारी आयोग ने पारदर्शी शिकायत निवारण का आश्वासन दिया



जीत समाचार लुधियाना |बुधवार को शिकायत निवारण अभियान के तहत अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) पूनम सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

पंजाब राज्य व्यापारी आयोग की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, ताकि व्यापारियों द्वारा उठाई गई लंबित शिकायतों की समीक्षा की जा सके और उनका समाधान किया जा सके।

बैठक के दौरान, अधिकारियों ने बिजली के बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, शहरी विकास, कानून-व्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों से संबंधित शिकायतों पर निर्णायक कार्रवाई की। कई लंबे समय से लंबित शिकायतें मौके पर ही सुलझा दी गई और चल रहे कार्यों के लिए स्पष्ट समय-सीमा जारी की गई। विभागों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करके मामलों को आगे बढ़ाएं।

अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकता वाले मुद्दों की निरंतर निगरानी और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर पर अनुवर्ती (फॉलो-अप) बैठकें निर्धारित की गई हैं।

पूरे पंजाब में पारदर्शी और समय-बद्ध शिकायत निवारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, पंजाब राज्य व्यापारी आयोग ने कहा कि यह बैठक जिला प्रशासन के उन निरंतर प्रयासों को दर्शाती है, जिनका उद्देश्य शिकायतों और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई के बीच के अंतर को पाटना है।

## राज्य में चल रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग' के 119वें दिन



जीत समाचार चंडीगढ़। राज्य में चल रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग' के 119वें दिन, पंजाब पुलिस ने राज्य भर में गैंगस्टर्स के सहयोगियों के 512 चिन्हित और मानचित्रित ठिकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि 119वें दिन पुलिस टीमों ने हथियारों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक गिरफ्तारियों की कुल संख्या 30,475 हो गई है।



## चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा

जीत समाचार चढ़ियार(रवि कुमार)। कल दिनांक 21.05.2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा। पेट्रोल पंप हालेर से डलू, बबल, मजोटी, पलेटा, सरी तथा मोलाग में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा। कल हमारे कार्यालय या गोदाम से किसी भी प्रकार का गैस सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा।
यदि आपके कोई सुझाव या शिकायत हो, तो कृपया निम्न नंबरों पर सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क करें।
01894-257444, 01894-257666

## मंडी जिला वॉलीबॉल टीम के लिए चयन ट्रायल 24 मई को: खेल अधिकारी



जीत समाचार मंडी। शिमला अंतर्राष्ट्रीय समर फेस्टिवल 2026 के दौरान 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित होने वाली प्रथम एंटी-चिट्टा इंटर-डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल चौम्पियनशिप (अंडर-21 बॉयज) के लिए मंडी जिला टीम के चयन ट्रायल 24 मई को खेलो इंडिया केंद्र, संधोल जिला मंडी में सुबह 9 बजे आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया का संचालन वॉलीबॉल कोच मुनीष कुमार द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने दी।

उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में केवल जिला मंडी के अंडर-21 वर्ग के पात्र खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2005 या उसके बाद का होना अनिवार्य है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने आयु प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड मूल रूप में साथ लाने होंगे।

उन्होंने बताया कि जिला खेल परिषद शिमला तथा जिला प्रशासन शिमला एवं शिमला अंतर्राष्ट्रीय समर फेस्टिवल आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम ग्राउंड, संजौली शिमला में होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक लाख रूपये, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे। द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रूपये और मेडल दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली पांच टीमों को 20-20 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पांच-पांच हजार रूपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों और कोच को आयोजन समिति की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ देशव्यापी जंग :

## हिमाचल सहित देशभर में केमिस्टों की महा-हड़ताल, बंद रहे मेडिकल स्टोर

जीत समाचार शिमला(अभिषेंक)। ऑनलाइन दवा बिक्री और ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट के विरोध में आज देश भर के दवा विक्रेता सड़कों पर उतर आए हैं। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर आज, 20 मई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की गई, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में निजी मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे। संगठन का दावा है कि इस हड़ताल में देश के करीब 12 से 15 लाख केमिस्ट शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश में केमिस्ट एसोसिएशन के समर्थन के बाद आज सुबह से ही शिमला, कुल्लू, बिलासपुर, मंडी और कांगड़ा सहित तमाम छोटे-बड़े बाजारों में निजी मेडिकल स्टोरों के शटर गिरे नजर आए।
अस्पतालों के बाहर पसरा सन्नाटाः बिलासपुर में एम्स कोठीपुरा और शिमला के आईजीएमसी जैसे बड़े अस्पतालों के बाहर निजी दवा दुकानें बंद रहने से दूर-दराज से आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।
सरकारी डिस्पेंसरियों पर बढ़ा बोझः निजी दुकानें बंद होने के कारण सरकारी अस्पतालों की डिस्पेंसरियों और जन औषधि केंद्रों पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि, कई मरीजों ने शिकायत की कि डॉक्टरों द्वारा लिखी गई कुछ विशिष्ट दवाएं सरकारी स्टोरों में उपलब्ध नहीं थीं, जिससे उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।
केमिस्ट एसोसिएशन का आरोप है कि सरकार की नीतियां पारंपरिक खुदरा दवा व्यापारियों के पेट पर लात मार रही हैं। उनकी तीन प्रमुख मांगें इस प्रकार हैंऑनलाइन बिक्री पर पूर्ण रोक या सख्त नियमः बिना उचित निगरानी और नियमों के चल रहे ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत लगाम लगाई जाए।
डीप डिस्काउंटिंग (भारी छूट) का खात्माः ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए जा रहे बेतहाशा डिस्काउंट को रोका जाए, या फिर ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर में संशोधन कर खुदरा दुकानदारों का प्रॉफिट मार्जिन बढ़ाया जाए ताकि वे बाजार में टिक सकें।
सुरक्षा और स्वास्थ्य से समझौता बंद होरू केमिस्टों का दावा है कि ऑनलाइन बिना डॉक्टर के पर्चे (च्तमेबतपचजपवद) की जांच किए दवाएं धड़ल्ले से होम-डिलीवर की जा रही हैं। इससे नकली दवाओं की बिक्री, एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग और नशीली दवाओं (छंतबवजपब क्तनहे) के अवैध कारोबार का खतरा बढ़ गया है।
ष्कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन दवा विक्रेताओं को जो अस्थायी अनुमति दी गई थी, उसे महामारी खत्म होने के बाद भी जारी रखा गया है। बिना रेगुलेशन के काम कर रही ये कंपनियां छोटे दुकानदारों का अस्तित्व खत्म कर रही हैं।

इस हड़ताल का असर देश के अलग-अलग हिस्सों में मिला-जुला देखने को मिलाः
व्यापक असरः बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में पूर्ण बंद देखा गया। मुंबई और
दुकानें खुली रहींरू केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अनुसार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों के रिटेल एसोसिएशनों ने जनहित को देखते हुए खुद को इस हड़ताल से अलग रखा, जिससे वहां सेवाएं सामान्य रहीं।
आपातकालीन राहतरू मरीजों की सहूलियत के लिए नर्सिंग होम के अंदर स्थित फार्मेसियों और 24 घंटे चलने वाले आपातकालीन मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से मुक्त रखा गया था।
मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि खुदरा केमिस्टों की चिंताओं पर सरकार सक्रियता से विचार कर रही है और नियामक ढांचे की जांच की जा रही है। हालांकि, प्रशासन ने सख्त लहजे में यह भी कहा है कि मरीजों की जान की कीमत पर दवाओं की कोई किल्लत या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रैडक्रास सोसाइटी ने भोरंज में लगाया रक्तदान शिविर, 48 लोगों ने किया रक्तदान



जीत समाचार हमीरपुर। भोरंज जिला रैडक्रास सोसाइटी की उपमंडलीय इकाई ने बुधवार को यहां मिनी सचिवालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया।

एसडीएम एवं रैडक्रास सोसाइटी की उपमंडलीय इकाई के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने इस शिविर का शुभारंभ किया और स्वयं भी रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि रक्तदान न केवल एक महान दान है, बल्कि यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ युवाओं में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।

रक्तदान शिविर में मिनी सचिवालय भोरंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया गया तथा सभी आवश्यक मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न की गई।

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके इस सराहनीय योगदान के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। एसडीएम ने इस सफल आयोजन के लिए रैडक्रॉस सोसाइटी, चिकित्सा दल तथा सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## राज्यपाल ने कांगड़ा जिला के गुजरेडा में राजकीय प्राथमिक पाठशाला का दौरा किया




जीत समाचार कॉंगड़ा (ब्यूरो)। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज कांगड़ा जिला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुजरेडा का दौरा किया। उन्होंने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, मूलभूत सुविधाओं तथा दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यालयों और विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के संबंध में जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए उन्हें समर्पण एवं आत्मविश्वास के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए राज्य के दुर्गम एवं ग्रामीण विद्यालयों में शैक्षिक आधारभूत अधोसंरचना को और सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का समाधान कर प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बेहतर कक्षाओं, स्वच्छता सुविधाओं, डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा सरकारी ग्रामीण विद्यालयों में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) 2.0 तथा पीजीआई-डी 2024-25 रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर रहा है तथा प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में देश में छठा स्थान तथा राज्यों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

राज्यपाल ने अधिकारियों के साथ उपलब्ध संसाधनों और मानव बल के सर्वोत्तम उपयोग के लिए विद्यालयों के रणनीतिक समूह की अवधारणा पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उपाय शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने तथा इस क्षेत्र में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में सहायक साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रगतिशील समाज के निर्माण में शिक्षा उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। उन्होंने शिक्षकों से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कठिन एवं दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में 23 को सफाई अभियान चलाएगी रैडक्रॉस सोसाइटी

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)।जिला रैडक्रॉस सोसाइटी 23 मई को हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में सफाई अभियान चलाएगी। सुबह 7 बजे आरंभ होने वाले इस सफाई अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, अन्य संगठनों के कार्यकर्ता और आम नागरिक भाग लेकर श्रमदान करेंगे। उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने हमीरपुरवासियों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है।

## हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए हिम बस कार्ड बनवाने की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई

जीत समाचार शिमला (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए हिम बस कार्ड बनवाने की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है। इसके बाद नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हिमाचल पथ परिवहन निगम ने छात्रों और अभिभावकों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। निगम के अनुसार अब तक करीब 15 हजार विद्यार्थियों के हिम बस कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि सभी श्रेणियों को मिलाकर लगभग दो लाख कार्ड जारी किए गए हैं।

निगम का कहना है कि डिजिटल सिस्टम को बेहतर तरीके से संचालित करने और नए शैक्षणिक सत्र से पहले रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए यह समयसीमा निर्धारित की गई है। हिम बस कार्ड बनवाने के लिए विद्यार्थियों को अपने स्कूल या कॉलेज का पहचान पत्र निगम की वेबसाइट पर अपलोड करना आवश्यक है।

एचआरटीसी प्रबंधन ने सभी डिपो प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को कार्ड बनाने की प्रक्रिया में पूरा सहयोग दिया जाए। साथ ही शिक्षण संस्थानों को भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी छात्रों तक पहुंचाने के लिए कहा गया है। निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने बताया कि फिलहाल 31 मई को अंतिम तिथि रखा गया है। यदि सरकार इस अवधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लेती है तो निगम भी उसी के अनुसार अगला फैसला करेगा।

## विद्यालयों में चलाया एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान




हमीरपुर (ब्यूरो)। सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हमीरपुर के स्कूलों में जागरूकता अभियान आरंभ किया है।इसी कड़ी में बुधवार को हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर, न्यू गुरुकुल स्कूल गोपालनगर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटाहणी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉ. सुप्रिया, स्वास्थ्य कर्मी सुशीला कुमारी और निशा राणा की टीम ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, सर्विकल कैंसर के जोखिम तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्विकल कैंसर की रोकथाम में बहुत ही प्रभावी है तथा इसके लिए उचित आयु में टीकाकरण करवाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर छात्राओं एवं शिक्षकों की कई शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का निवारण भी किया गया तथा अभिभावकों से अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण करवाने की अपील की गई।







## Samuh Samaj Sangathan (Regd.)

2007 to Update

अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।

समूह समाज संगठन **2007** से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।

किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।

**9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893**

